Ans. (c) : राजस्थान पंचायती राज व्यवस्था में शासन प्रणाली के तहत ग्राम, खण्ड तथा जिला स्तर पर त्रिस्तरीय संरचना की व्यवस्था की गयी है। भारत में पहली बार पंचायती राज व्यवस्था 2 अक्टूबर, 1959 को राजस्थान के नागौर जिले में लागू की गई थी।

210. राजस्थान में छावनी बोर्ड की स्थापना कहाँ की गई है?

(a) नसीराबाद (b) जैसलमेर
(c) नीमच (d) जोधपुर

कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022

Ans. (a) : नसीराबाद राजस्थान राज्य के अजमेर जिले में स्थित एक छावनी नगर है। नसीराबाद नामकरण अंग्रेज अधिकारी सर डेविड ऑक्टरलोनी के नाम पर रखा गया है, जिन्हें मुगल सम्राट शाह आलम द्वितीय द्वारा नसीर-उद्दौला (राज्य के रक्षक) की उपाधि से सम्मानित किया गया था।

211. किन जिलों में 106 जिला परिषद सदस्यों, 568 पंचायत समिति सदस्यों, 4 जिला प्रमुखों/उप-प्रमुखों और 30 प्रधानों/उप-प्रधानों के लिए पंचायत चुनाव हुए थे?

(a) बारां, करौली, गंगानगर, कोटा
(b) जयपुर, अलवर, कोटा, जोधपुर
(c) सिरोही, डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, कोटा
(d) इनमें से कोई नहीं

मोटर वाहन उप-निरीक्षक -2021 (Paper-I)

Ans. (a) – दिसम्बर 2021 में, राजस्थान के चार जिलों बारां, करौली, श्रीगंगानगर और कोटा में 106 जिला परिषद सदस्यों, 568 पंचायत समिति सदस्यों, 4 जिला प्रमुखों/उप-प्रमुखों और 30 प्रधानों/उप-प्रधानों के लिए पंचायत चुनाव हुए थे।

212. राजस्थान में नगर निगम की श्रेणी में आने के लिए शहर की जनसंख्या सीमा क्या होनी चाहिए?

(a) 1 लाख से अधिक (b) 3 लाख से अधिक
(c) 5 लाख से अधिक (d) 4 लाख से अधिक

कर सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) – राजस्थान में नगर निगम की श्रेणी में आने के लिए जनसंख्या सीमा 5 लाख से अधिक होना चाहिए। वर्तमान में राजस्थान में दस नगर निगम जयपुर, दक्षिण जोधपुर, उत्तरी जोधपुर, कोटा, बीकानेर, भरतपुर, उदयपुर, अजमेर, कोटा दक्षिणी, जयपुर हेरिटेज हैं।

213. सरपंच और उप-सरपंच की अनुपस्थिति में ग्राम सभा की बैठक की अध्यक्षता कौन करेगा?

(a) खंड विकास अधिकारी
(b) ग्राम सेवक
(c) ग्राम सभा का सबसे बुजुर्ग व्यक्ति
(d) कोई भी उपस्थित सदस्य, जिसे ग्राम सभा के सदस्यों द्वारा इस प्रयोजन हेतु चुना गया हो।

उद्योग निरीक्षक भर्ती परीक्षा- 2018 (24 जून, 2018)
RPSC College Lecturer (Sanskrit Education) 2015

Ans. (d) : सरपंच एवं उप-सरपंच की अनुपस्थिति में ग्राम सभा की बैठक्र की अध्यक्षता कोई भी उपस्थित सदस्य, जिसे ग्राम सभा के सदस्यों द्वारा इस प्रयोजन हेतु चुना गया हो करता हैं राजस्थान में सरपंच एवं पंचों का चुनाव एक साथ कराया जाता है।

214. राजस्थान में पंचायत समितियों की कुल संख्या (31 दिसम्बर, 2018 को यथाविद्यमान) है

(a) 299 (b) 285
(c) 295 (d) 395

सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (c) : राजस्थान में 31 दिसम्बर, 2018 तक पंचायत समितियों की संख्या 295 थीं। जबकि वर्तमान में (2022) 33 जिलों में कुल पंचायत समितियां 352 है। कुल ग्राम पंचायत 11283 है एवं जिलों की औसत ग्राम पंचायतें 342 है।

215. ग्राम सभा की 'गणपूर्ति' कितनी है?

(a) कुल सदस्य संख्या का आधा भाग
(b) कुल स्दस्य संख्या का चौथाई भाग
(c) कुल सदस्य संख्या का दसवाँ भाग
(d) कुल सदस्य संख्या का पाँचवा भाग

सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (c) : ग्राम सभा का कोरम राज्य पेसा नियम, राज्य पंचायती राज अधिनियम और अन्य पंचायती राज्य नियम के अनुसार होगा। राजस्थान राज्य में ग्राम सभा की गणपूर्ति कुल सदस्यों का 10 प्रतिशत है। जबकि आंध्र प्रदेश में गणपूर्ति 33% होती है।

216. राजस्थान में ग्राम पंचायत के सरपंच,उपसरपंच तथा वार्ड पंच अपना त्यागपत्र किसे सम्बोधित करते हैं?

(a) जिला प्रमुख (b) विकास अधिकारी
(c) पंचायत समिति का प्रधान (d) जिला कलेक्टर

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022
सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (b) : राजस्थान में ग्राम पंचायत के सरपंच,उपसरपंच तथा वार्ड पंच तथा वार्ड पंच विकास अधिकारी को संबोधित अपने हस्ताक्षर से लिखित रूप में अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं।

• पंचायत समिति के प्रधान के रूप में पद धारण करने वाला सदस्य किसी भी समय प्रमुख, जिला परिषद और उप प्रधान या पंचायत समिति के सदस्य को सम्बोधित अपने हस्ताक्षर सहित अपने पद से इस्तीफा दे सकता है।

217. पंचायत अनुसूचित क्षेत्र विस्तार अधिनियम (PESA) 1996, के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः

(a) यह राजस्थान सहित भारत के 10 राज्यों में लागू है।
(b) अधिनियम का एक उद्देश्य जनजातीय समुदायों की परम्पराओं एवं रीति-रिवाजों का सुरक्षा एवं संरक्षण करना है।